Statement—*Contd.*

1	3	3	4
			28-7-94
			28-7-94
			28-7-94
			28-7-94
			[illegible]
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			5-8-94
			21-8-94
			8-11-94
			18-11-94
			18-11-94
17.	Secretariat . . .		15-2-94
			26-4-94
	TOTAL :	105	

देश में आई० एस० आई० के एजेन्ट

2331. **श्री जनार्दन यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी, 1994 से नवम्बर, 1994 के बीच भारत में आई० एस० ,आई० के कितने एजेन्ट पकड़े गए ;

(ख) उन्हें किन-किन स्थानों से पकड़ा गया ;

(ग) वे किन-किन देशों से संबंधित हैं ;

(घ) क्या सरकार ने उनमें से कुछ को रिहा कर दिया है ;

(ङ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(च) सरकार ने आई० एस० आई० एजेन्टों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाए हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (ङ) देश के विभिन्न भागों से काफी तादाद में पाकिस्तानी आसूचना एजेंटों की गिरफ्तारी की गई है। तथापि, इस बारे में और अधिक ब्यौरा देना जनहित में नहीं होगा ।

(च) आसूचना तंत्र को सुग्राही और सुचारू बना कर, केन्द्र और राज्य की संबंधित एजेंसियों द्वारा आसूचना का आदान-प्रदान एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करके महत्वपूर्ण स्थलों पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती बढ़ाकर, तटवर्ती एवं अन्तःवर्ती गश्त में वृद्धि करके, भारत पाक सीमा के नाजुक हिस्सों में बाड़ का निर्माण एवं फ्लड लाईटिंग की व्यवस्था आदि करके सरकार आई० एस० आई० के मंसूबों का मुकाबला करने और उन्हें विफल करने के लिए आवश्यक सभी प्रयास कर रही है ।